## एक नजर में

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4285 रुपए

**खंडवा।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 22 नवंबर को 4285 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए 21 नवंबर को 4271 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

### मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण में अव्यवस्था : शिवसेना

**खंडवा।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के जिले के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों के कार्य का सतत निरीक्षण के लिए सेक्टर अधिकारीयों तैनात किए गए हैं। लेकिन अभी भी कहीं मतदाताओं को फार्म ही नहीं मिले हैं। उक्त आरोप लगाते हुए शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार ने कहा कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता द्वारा जारी आदेश मैं मॉनिटरिंग करने के लिए अधिकारियों को तो नियुक्त कर दिया गया है लेकिन इन अधिकारियों से संपर्क किस तरह से होगा यह नहीं बताया गया है। कहीं जगह मतदाताओं को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है जिला प्रशासन ने मॉनिटरिंग के लिए प्रेस नोट जारी कर इति श्री कर ली है। शिवसेना मांग करती है कि जिन मतदाताओं के लिए अधिकारी नियुक्त किए गए हैं उनके मोबाइल नंबर शीघ्र ही जारी हो ताकि मतदाताओं द्वारा उनसे संपर्क कर अपने परेशानियां बताई जा सके।

### पॉक्सो एक्ट के संबंध में बालिकाओं को किया जागरूक

होनहार बालिकाओं का किया सम्मान



**खण्डवा।** पुनासा विकासखण्ड में महिला बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को ग्राम रिछ्पल एवं ग्राम मोहना हाई स्कूल में परियोजना अधिकारी द्वारा पोक्सो एक्ट के संबंध में विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों तथा पोक्सो एक्ट के तहत मिलने वाले संरक्षण के बारे में बताया गया। परियोजना अधिकारी राजेंद्र सिंह सोलंकी ने बालिकाओं को बताया कि पोक्सो एक्ट बच्चों की सुरक्षा के लिए एक शक्तिशाली कानून है, जो किसी भी प्रकार के यौन अपराध की स्थिति में त्वरित कार्रवाई और न्याय सुनिश्चित करता है। बालिकाओं को यह भी समझाया गया कि किसी भी अप्रिय परिस्थिति में कैसे सतर्क रहें, किस प्रकार रिपोर्ट करें तथा किससे सहायता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में दोनों ग्रामों की होनहार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के समस्त शिक्षक महिला बाल विकास विभाग सुपरवाइजर और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### ग्राम मोहना में ग्रामीणों ने बनाया बोरी बंधान



**खण्डवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर खंडवा जिले के सभी विकासखंडों में स्थित छोटे बड़े नालों में बहते पानी को रोकने के लिए बोरी बंधान संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में जन अभियान परिषद विकासखंड पुनासा के द्वारा ग्राम मोहना में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बोरी बंधान संरचना का निर्माण किया गया। इस कार्य में विकासखंड समन्वयक मोहन जाट, परामर्शदाता सचिन मंसारे, नवांकुर संस्था सम्यक सेवा समिति केलवाखुर्द अध्यक्ष त्रिलोक घाटे, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अनिल मंडले एवं रोजगार सहायक अमरसिंह मंडले का विशेष सहयोग रहा।

### जल संरक्षण के लिए सभी को मिलकर करना होंगे सामूहिक प्रयास



कलेक्टर श्री गुप्ता ने विभागीय इंजीनियर्स की बैठक ली

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने शुक्रवार शाम को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभिन्न शासकीय विभागों के इंजीनियर्स की बैठक में कहा कि भूजल संरक्षण के लिए सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करना होगा। उन्होंने सभी इंजीनियर्स से कहा कि भूजल संरक्षण के क्षेत्र में जिले में और क्या नए प्रयास किए जा सकते हैं, इस संबंध में अपने अपने सुझाव दें और उन सुझावों पर किस तरह से अमल किया जा सकता है यह भी बताएं। उन्होंने हाल ही में जल संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर खंडवा जिले को मिले पुरुस्कार के लिए जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जून 2026 तक खंडवा जिले के प्रत्येक भवन की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना है, इसके लिए दिए गए निर्देशों का समय सीमा में पालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौडा सहित निर्माण विभागों के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री भी मौजूद थे।

### वाहन चालकों से 15,300 रुपए वसूले

**खंडवा।** जिला खंडवा में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले 31 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 15300/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

# प्याज के आंसू रोईं महिलाएं, सांसद का प्रतीकात्मक पुतला फूंका!



नवभारत न्यूज

**खंडवा। लंबे समय से आंदोलन कर रहे किसानों ने टिगरिया फाटे पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का पुतला फूंका। प्रतीकात्मक अंतिम यात्रा भी निकाली। नारेबाजी करते हुए कहा कि किसानों की बात नहीं मानने वाले को बख्शा नहीं जाएगा।**

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि जल्द किसानों के प्रतिनिधिमंडल को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलवा दिया जाएगा। वे खुद भी किसान हैं। किसानों का दर्द समझते हैं। यदि ऐसा होता तो वे खुद किसानों से मिलने धरना स्थल पर नहीं जाते। केंद्र और राज्य की सरकारों ने किसानों के लिए पिछले 10 साल में बहुत कुछ किया है। कांग्रेस के समय किसानों की क्या स्थिति थी, और आज कितनी स्थिति बदली है। 0% ब्याज का वादा हमने पूरा किया। खंडवा लोकसभा क्षेत्र को पूरी तरह सिंचित करने के लिए योजनाएं लाई जा रही हैं।

### किसानों को अखरी यह बात

प्याज की फसल को उचित दाम न मिलने के कारण लंबे समय से निमाड़ के किसान आक्रोशित हैं। आंदोलन से सरकार का ध्यान खींच रहे हैं। किसान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर उन्हें अवगत कराना चाहते हैं। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने तीन दिन में कृषि मंत्री से मिलने का कहा था। शिवराज सिंह चौहान और सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल अन्य कार्यों में व्यस्त हो गए। 8 दिन इंतजार करने के बाद किसान फिर आंदोलन के लिए सड़क पर आए थे।

### आंदोलन पर सबके अपने तर्क

इसी बीच उन्होंने ऐसा कुछ कर डाला जो अभी तक किसी सांसद के साथ खंडवा लोकसभा क्षेत्र में बर्ताव नहीं हुआ था। अधिकतर किसान और कांग्रेसी इसे आवाज उठाने का तरीका बता रहे हैं, तो भाजपा से संबंधित लोग एवं कुछ जागरूक लोग इसे इस आंदोलन के तरीके को उचित नहीं बता रहे हैं।

### बहलाव नहीं निर्णय चाहिए

किसान नेता जय पटेल और किसानों की परिजन महिलाओं का कहना था कि सरकार और जनप्रतिनिधियों ने केवल आश्वासन देकर उन्हें बहला दिया, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली। महिलाओं ने प्रतीकात्मक अर्थी पर पुष्प अर्पित कर रोना-गाना किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समाधान नहीं निकला तो आगे और उग्र आंदोलन किए जाएंगे।

### किसान के हक में हमेशा खड़ी रही मोदी सरकार

भाजपा के चंद्रेश पचौरी ने कहा कि किसानों के हित में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल लगातार काम करते रहे हैं। लोकसभा में भी किसानों-मजदूरों की आवाज बुलंद की है। प्याज की फसल को उचित दाम दिलाने के भी प्रयास कर रहे हैं। वे खुद धरना स्थल पर पहुंचे थे। नरेंद्र मोदी की सरकार ने किसानों के हित में जो निर्णय लिए, वे ऐतिहासिक हैं। फिर भी किसानों को सरकार से उचित लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




### आंदोलन पर पुलिस और प्रशासन की नजर

*फिलहाल टिगरिया क्षेत्र में फायर ब्रिगेड सहित बड़ा पुलिस बल तैनात किया गया था। हालात पर प्रशासन की नजर बनी थी। इस प्रदर्शन में सबसे मजबूत आवाज महिलाओं की थी, जिन्होंने अपने आंसुओं के जरिए पूरे आंदोलन को भावनात्मक शक्ल दे दी।*

# दादाजी धाम पर संगमरमर का भव्य मंदिर बनाने के लिए तैयारियां शुरू

खंडवा विधायक ने मंदिर समिति सदस्यों के साथ मकराना में मार्बल खदानों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**खंडवा। दादाजी के आशीर्वाद से खंडवा में दादाजी धाम पर भव्य मंदिर का निर्माण होकर पांचवा धाम बनाए जाने को लेकर मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया है। सांसद कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में समिति के सदस्यों की लगातार बैठक आयोजित हो रही है एवं मंदिर निर्माण को लेकर स्वेच्छा राशि भी प्राप्त हो रही है।**

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि समिति द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार पूरा मंदिर डेढ नंबर संगमरमर से निर्मित होगा। जिसको लेकर समिति सदस्य लगातार इंजीनियरो के साथ राजस्थान का दौरा कर अच्छी क्वालिटी के मार्बल को तलाश रहे हैं। सुनील जैन ने बताया कि शनिवार को मंदिर निर्माण समिति से जुड़े सदस्य एवं खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने राजस्थान के मार्बल के गढ़ मकराना पहुंचकर मार्बल खदानों का निरीक्षण निरीक्षण खदान




व्यसाईयों से चर्चा की। खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने अच्छे संगमरमर को देखकर मार्बल व्यवसायियों से विस्तृत चर्चा कर गुणवत्ता, उपलब्धता तथा आपूर्ति से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

विधायक तनवे ने स्थानीय मार्बल खदानों का भी अवलोकन किया और श्री दादाजी धुनीवाले मंदिर के निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाले मकराना मार्बल के उपयोग की संभावनाओं का आकलन किया। मंदिर का निर्माण मकराना मार्बल से ही प्रस्तावित है और इसे भव्य स्वरूप में जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान विधायक कंचन तन्वे के साथ पटेल सेवा समिति से मदन भाऊ, विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे, महापौर प्रतिनिधि अमर यादव, तथा दादाजी मंदिर निर्माण समिति के सदस्य तपन डोंगरे, गणेश कनाडे सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

मंदिर निर्माण समिति ने भरोसा व्यक्त किया है कि मकराना मार्बल से तैयार होने वाला दादाजी मंदिर देश में एक अद्भुत और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण धरोहर सिद्ध होगा।

# आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर में 60 से अधिक लोगों ने कराया परीक्षण, नि:शुल्क दवाइयां वितरित



नवभारत न्यूज

**खंडवा। जय भोलेनाथ ग्रुप द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के तीसरे दिन लोगों की सुविधा हेतु निशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**

शिविर में सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया और दोपहर 1 बजे तक 60 से अधिक लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाते हुए नि:शुल्क आयुर्वेदिक दवाइयां प्राप्त कीं।

ग्रुप के संस्थापक मनोहर शामनानी ने बताया कि स्वास्थ्य मनुष्य के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसी को ध्यान में रखते हुए जय भोलेनाथ ग्रुप समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहा है। उन्होंने कहा कि जब भी हम एक-दूसरे से मिलते हैं, सबसे पहले स्वास्थ्य की चिंता करते हैं, इसलिए समाज के प्रति समूह की यह निरंतर सेवा भावना आगे भी जारी रहेगी।

भोले भक्त सरिता रूपराज पाटीदार ने सेवा सप्ताह की जानकारी देते हुए बताया कि 'नर सेवा ही नारायण सेवा' की सोच के साथ ग्रुप द्वारा दो दिनों तक जरूरतमंद लोगों को कंबल, स्वेटर एवं अन्य गर्म वस्त्र वितरित किए गए। वहीं सदस्य पुष्पा चंचलानी ने बताया कि सेवा सप्ताह के अंतर्गत होम्योपैथी स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया जा रहा है, जिसका समय सुबह 10.00 से दोपहर 1.00 बजे तक रहेगा। यह शिविर हेमू कॉलानी स्मृति सभा कक्ष में आयोजित होगा, जिसमें होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. एन.डी. पटेल अपनी सेवाएं देंगे।

आयोजित आयुर्वेदिक शिविर के बारे में जानकारी देते हुए नंदा चंचलानी ने बताया कि आयुष विभाग की आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. वर्षा रानी ने अत्यंत बारीकी से प्रत्येक रोगी का स्वास्थ्य परीक्षण किया। पहली बार इतनी सूक्ष्म जांच से लोग विशेष रूप से संतुष्ट नजर आए।

स्वास्थ्य शिविर में मोहन पटेल, रेनू अग्निहोत्री, ज्योति चौहान, मुस्कान तोलानी एवं भाव्या साधवानी ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में जय भोलेनाथ ग्रुप की ओर से डॉ. वर्षा रानी एवं उनके सहयोगी स्टाफ का सम्मान किया गया।

# 77 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों में 73 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 57 प्रकरणों मे 70 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 129 बीएनएसएस के तहत 01 प्रकरणों मे 01 अनावेदक के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत 04 प्रकरणों मे 06 अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में कुल 11 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 12 गिरफ्तारी, 34 जमानती वारंट, 73 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

### अवैध कच्ची शराब के साथ एक धराया

अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध थाना थाना मूंदी के आरोपी धर्मेन्द्र पिता बदनसिंह जाति भीलाला उम्र 40 साल निवासी करोंद के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 800/-रुपए की जप्त की गई। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

**बैठक** संपूर्णता अभियान के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी असित गोपाल ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

# डाइट, स्कूल, पोषण पुनर्वास केंद्र और आंगनवाड़ी का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित 'संपूर्णता अभियान' के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी असित गोपाल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत के सीईओ डॉ नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से नीति आयोग के सहयोग से संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी दी गई।




### विद्यार्थियों से चर्चा

असित गोपाल ने माध्यमिक विद्यालय छैगांवदेवी में शुरू की गई स्मार्ट क्लास में विद्यार्थियों से चर्चा की। विद्यार्थियों ने इस दौरान बताया की एल ई डी टीवी युक्त स्मार्ट क्लास में पढ़ाई करने में बहुत अच्छा लग रहा है तथा नई-नई चीजें सीखने को मिलती हैं। स्कूल की शिक्षिका ने इस अवसर पर बताया कि यूट्यूब पर उपलब्ध विभिन्न शैक्षणिक सामग्री से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाता है।

बैठक में ओंकारेश्वर मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए नवाचारों से संबंधित फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।

केंद्रीय प्रभारी अधिकारी असित गोपाल ने बैठक के बाद जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान 'डाइट' परिसर में 23.97 लाख रुपए लागत से नवनिर्मित आईसीटी लैब देखी। उन्होंने 'डाइट' परिसर में बनाए गए वीडियो रिकॉर्डिंग रूम को भी देखा।

### पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

नीति आयोग के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी असित गोपाल ने इस दौरान पोषण पुनर्वास केंद्र छैगांवमाखन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर गुप्ता ने उन्हें बताया कि डॉक्टर्स की सलाह पर आसपास के गांवो के कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में 14 दिन भर्ती रखकर पोषण विशेषज्ञों की देखरेख में सुपोषित किया जाता है। बच्चों की माताओ को 14 दिन की मजदूरी का भुगतान भी किया जाता है।

असित गोपाल ने ग्राम दौंदवाड़ा के नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का भी निरीक्षण किया और आंगनबाड़ी परिसर में पोषण वाटिका विकसित करने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस दौरान आंगनबाड़ी के नवनिर्मित भवन के सामने स्थित कचरा घर को तत्काल हटवाने, और आंगनवाड़ी भवन पर बाला पेंटिंग करवाने के निर्देश भी दिए।